# समाहरणालय, नवादा।
## (जिला प्रोग्राम कार्यालय)
## (आई0सी0डी0एस0)

बिहार सरकार

समेकित बाल विकास सेवाएं

**पोषण अभियान अंतर्गत अनुबंध आधारित जिला समन्वयक के रिक्त पदों पर नियोजन संबंधित विज्ञापन**

**विज्ञापन संख्या–02/2025**

निदेशक, आई.सी.डी.एस.निदेशालय, बिहार पटना के पत्रांक–5502 दिनांक–23.09.2024 द्वारा राष्ट्रीय पोषण मिशन (पोषण अभियान) अंतर्गत जिला स्तर पर अनुबंध आधारित पदों पर नियोजन हेतु निर्गत दिशा–निर्देश पत्रांक–2621 दिनांक–17.05.2019 के आलोक में जिला समन्वयक के रिक्त पदों पर जिला स्तर से विज्ञापन प्रकाशित कर नियोजन कार्य पूर्ण करने का निदेश प्राप्त हुआ है। नवादा जिला में जिला समन्वयक का एक पद स्वीकृत है तथा रिक्त है।

प्राप्त निदेश के आलोक में जिला स्तरीय चयन समिति द्वारा राष्ट्रीय पोषण अभियान के सफल क्रियान्वयन हेतु जिला समन्वयक के रिक्त पद पर नियोजन हेतु लिये गये निर्णय के आलोक में इच्छुक उम्मीदवारों से आवेदन आमंत्रित किये जाते है

| S.NO | Name of the position | Category | Essential Qualification and Experience | Desirable | Fixed Honorarium |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | District Coordinator | **UR-01 post** | **Qualification:**<br>Graduate or Certification/Diploma in Computer Science or IT<br>**Experience:**<br>• At least 2 years experience in application maintenance & support.<br>• Good oral and written communication skill in local language.<br>• Computer literacy must.<br>• Mandatorily local candidates should be engaged. | • 4 years experience in application maintenance and support. Formal training on IT/computer<br>• Experience working with technology and software application support.<br>• Proven ability to successfully handle multiple tasks within a team environment.<br>• Great attention to detail and problem solving skills. | 30,000.00/- |

**संविदा पर नियोजन हेतु पात्रता :–**

1. नियोजन संबंधी अर्हताओं के लिए विभाग द्वारा निर्गत मार्गदर्शिका / पत्रों में वर्णित नियम एवं शर्त अक्षरशः लागू होंगें।

(क) अभ्यर्थी भारत की नागरिक हो

(ख) अभ्यर्थी नवादा जिला क्षेत्र का स्थाई निवासी हो इसके लिए संबंधित अनुमंडल पदाधिकारी द्वारा निर्गत आवासीय प्रमाण पत्र देना अनिवार्य होगा।

2. उम्र सीमा विज्ञापन की तिथि को सामान्य प्रशासन विभाग, बिहार पटना द्वारा सेवाओं में नियुक्ति के लिए निर्धारित प्रावधान के अनुरुप होगी।

3. सामान्य प्रशासन विभाग के संकल्प संख्या–294, दिनांक–07.01.2016 के अनुसार अधिकतम उम्र सीमा निम्नवत् लागू होगी।

| | |
|---|---|
| (क) अनारक्षित वर्ग (पुरुष)– | 37 वर्ष |
| (ख) पिछड़ा वर्ग / अत्यंत पिछड़ा वर्ग (पुरुष एवं महिला)– | 40 वर्ष |
| (ग) अनारक्षित वर्ग (महिला)– | 40 वर्ष |
| (घ) अनुसूचित जाति / अनुसूचित जनजाति (पुरुष एवं महिला)– | 40 वर्ष |

4. आवेदक के अधिकतम उम्र सीमा की गणना हेतु तिथि दिनांक–01.01.2025 निर्धारित है।
5. नियोजन में बिहार सरकार का आरक्षण प्रावधान लागू होंगे।
6. संविदा शर्त / सेवा अवधि एवं अन्य शर्ते बिहार सरकार द्वारा समय–समय पर निर्गत संकल्प / नियमावली / आदेश के अनुरुप होगा।
7. संविदा के आधार पर यह नियुक्ति पूर्णतः अस्थाई होगी, जो बिना किसी पूर्व सूचना के समाप्त की जा सकती है एवं इस संबंध में नियमित नियुक्ति का कोई दावा मान्य नहीं होगा। इस प्रकार नियोजित व्यक्ति का नियोजन के पश्चात् सेवा में नियमितिकरण का दावा मान्य नहीं होगा। नियोजित व्यक्ति न जो सरकारी सेवक मानें जायेंगें न सरकारी सेवकों के अनुमान्य किसी सुविधा के हकदार होंगें। उनका नियोजन राष्ट्रीय पोषण मिशन के अधीन होगा।
8. उक्त पदों पर नियोजन उम्मीदवारों के वांछनीय शैक्षणिक योग्यता / कार्य अनुभव एवं काउन्सलिंग / अंतर्वीक्षा के आधार पर किया जायेगा।
9. पूर्व से आई.सी.डी.एस. निदेशालय या अन्य संबंधित विभाग एवं प्रशासनिक नियंत्राधीन कार्यालयों अथवा अंतराष्ट्रीय में कार्यानुभव रखने वाले अभ्यर्थियों को प्राथमिकता दी जायेगी।
10. चयन प्रक्रिया–निर्धारित योग्यता रखनेवाले उम्मीदवारों को साक्षात्कार हेतु आमंत्रित किया जायेगा। साक्षात्कार में भाग लेने हेतु सूचना सम्बंधित अभ्यर्थी कोजिला के वेबसाइट https//nawada.nic.in पर दी जाएगी एवं आवेदन में दिये गये मोबाईल नम्बर पर सूचना दी जायेगी।
11. विज्ञापन एवं सेवा शर्तों से सम्बंधित सभी अधिकार, जिला पदाधिकारी, नवादा के अधीन है। जिला पदाधिकारी, नवादा विज्ञापन को संशोधित / रद्द करने के लिए सर्वाधिकार धारित करते है।
12. इच्छुक अभ्यर्थी आवेदित पद का उल्लेख करते हुए विज्ञापन प्रकाशन की तिथि से 15 दिनों तक 5:00 बजे अपराह्न तक अपना आवेदन विहित प्रपत्र में शैक्षणिक / गैर शैक्षणिक एवं अनुभव सबंधी प्रमाण पत्र की स्वअभिप्रमाणित छायाप्रति के साथ संलग्न करते हुए जिला प्रोग्राम कार्यालय, आई0सी0डी0एस0 विकास भवन, समाहरणालय परिसर, नवादा में निबंधित डाक / हाथों–हाथ / ई0मेल–dpo.icds.nawada-bih@nic.in पर स्वीकार किया जायेगा। प्रमाणपत्र संलग्न नहीं होने / अस्पष्ट होने की स्थिति में आवेदन को प्रथम दृष्ट्या निरस्त कर दिया जायेगा। उपरोक्त समय सीमा के पश्चात प्राप्त आवेदन पत्र स्वीकार नहीं किये जायेंगे।
13. भरे हुए आवेदन का प्रिंट आउट अभ्यर्थी अपने पास सुरक्षित रखेंगे।
14. अभ्यर्थी, विज्ञापन से सम्बंधित अन्य घोषणाओं हेतु https://nawada.nic.in वेबसाइट का अवलोकन करते रहेंगे।

**विस्तृत जानकारी state.bihar.gov.in/prdbihar पर भी देखी जा सकती है।**

**जिला पदाधिकारी**
**नवादा।**

**PR- 05012 ( District ) 2025-26**

**बिहार में शराब का व्यापार, बिक्री एवं सेवन अवैध है।**
**संबंधित शिकायत इस नंबर पर दर्ज करायें आपकी जानकारी गुप्त रखी जाएगी।**
**टॉल फ्री नं– 15545 या 1800 345 6268**